
# सिंगापुर की तर्ज पर अलीगढ़ में भी बनेगा फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स

लखनऊ। प्रदेश सरकार ताले एवं हार्डवेयर के लिए पहचाने जाने वाला अलीगढ़ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को बड़ी सौगात देने जा रही है। अलीगढ़ में सिंगापुर की तर्ज पर एमएसएमई के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्पलेक्स की स्थापना कराई जाएगी। 13400 वर्ग मीटर (1.34 हेक्टेयर) क्षेत्र में 90 करोड़ रुपये की लागत से इसकी स्थापना होगी। कॉम्पलेक्स का पूरा खाका भी तैयार कराया जा चुका है।



यह जानकारी अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि सिंगापुर फ्लैटेड फैक्ट्री मामले में विश्व का सबसे अच्छा मॉडल है। इसी तर्ज पर अलीगढ़ में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्पलेक्स की स्थापना का निर्णय लिया गया है। प्रस्तावित कॉम्पलेक्स में तीन टॉवर होंगे। फ्लैटेड फैक्ट्री क्षेत्र में चौड़ी रोड के साथ ड्रेनेज सिस्टम, पानी की निकासी और बिजली की बेहतर व्यवस्था होगी। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के लिए बहुमंजिला आवास होंगे। डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि उद्यमियों की सुविधा के लिहाज से प्रथम चरण में चार जिलों लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद और आगरा में फ्लैटेड फैक्ट्री की स्थापना कराई जा रही है। आगरा में फाउंड्री नगर, कानपुर नगर में दादानगर, लखनऊ में स्कूटर इंडिया एंसिलरी इस्टेट नादरगंज और गाजियाबाद में फ्लैटेड फैक्ट्री के विकास का निर्णय लिया जा चुका है। ब्यूरो